भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4278

उत्तर देने की तारीख 18 जुलाई, 2019
27 आषाढ़, 1941 (शक)

नए यूथ हॉस्टलों का निर्माण

4278. श्री हनुमान बैनिवालः
श्री एस. मुनिस्वामीः
श्रीमती मीनाक्षी लेखीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्थापित/कार्यशील यूथ हॉस्टलों की स्थान-वार संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान निर्मित किए गए यूथ हॉस्टलों की स्थान-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने कर्नाटक सहित देश में नए यूथ हॉस्टलों के निर्माण/शुरू करने के लिए स्थानों को चिह्नित किया है;

(घ) यदि हां, तो इन क्षेत्रों का चयन करने के मानदंड क्या हैं और इसके लिए किन क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) देश में स्थापित युवा छात्रावासों की संख्या 84 है । इनके स्थानों का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

(ख) मणिपुर में थोबाल और चूराचांदपुर में 2 युवा छात्रावासों का निर्माण कार्य क्रमशः वर्ष 2016 और 2017 में पूरा कर लिया गया है जबकि अरुणाचल प्रदेश में रोइंग में एक युवा छात्रावास का निर्माण वर्ष 2019 में पूरा कर लिए जाने की आशा है ।

(ग) कर्नाटक राज्य सहित देश में नए युवा छात्रावासों का निर्माण करने/ शुरू करने के लिए स्थानों को अभी तक चिह्नित नहीं किया गया है ।

(घ) और (ङ) : उपर्युक्त के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

*****

नए यूथ हॉस्टलों के निर्माण के संबंध में श्री हनुमान बैनिवाल, श्री एस. मुनिस्वामी और श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा दिनांक 18.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4278 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

देश में युवा छात्रावासों का स्थान-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**युवा छात्रावासों की संख्या**	**युवा छात्रावासों का स्थान**
1.	असम	4	गोलाघाट, गुवाहाटी, नागांव, तेजपुर
2.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	पोर्ट ब्लेयर
3.	आंध्र प्रदेश	5	कडप्पा, तिरुपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, विजयनगरम
4.	अरुणाचल प्रदेश	2	नाहरलागुन, रोइंग
5.	बिहार	1	पटना
6.	गोवा	2	पणजी, पेड्डेम मापुसा
7.	गुजरात	1	गांधीनगर
8.	हरियाणा	7	भिवानी, गुड़गांव, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, रैवाड़ी सिरसा, यमुना नगर
9.	हिमाचल प्रदेश	2	बिलासपुर, डलहौजी
10.	जम्मू और कश्मीर	3	नगरोटा, पटनीटॉप, श्रीनगर
11.	कर्नाटक	4	हासन, मैसूर, सोगालु, तीर्थरामेश्वर
12.	केरल	3	कालीकट (कोझीकोड), एर्नाकुलम (कोच्चि), त्रिवेंद्रम,
13.	मध्य प्रदेश	3	भोपाल, जबलपुर, खजुराहो
14.	महाराष्ट्र	2	औरंगाबाद, बुलड़ाना
15.	मणिपुर	4	चुराचांदपुर, इंफाल, थौबाल, उखरूल
16.	मेघालय	2	शिलांग, तुरा
17.	मिजोरम	1	आइजोल
18.	नागालैंड	2	दीमापुर, मोकोकचुंग
19.	ओडिशा	4	गोपालपुर-ऑन-सी, जोशीपुर, कोरापुट, पुरी
20.	पुडुचेरी	1	पुडुचेरी
21.	पंजाब	6	अमृतसर , जालंधर, पटियाला, रोपड़, संगरूर, तरनतारन
22.	राजस्थान	4	अजमेर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर
23.	सिक्किम	2	गंगटोक, नामची
24.	तमिलनाडु	5	चेन्नई, मदुरै, ऊटी, तंजावौर, त्रिची

25.	तेलंगाना	3	नागार्जुनसागर, सिकंदराबाद, वारंगल
26.	त्रिपुरा	1	अगरतला
27.	उत्तर प्रदेश	2	आगरा, लखनऊ
28.	उत्तराखंड	4	बद्रीनाथ, मसूरी, नैनीताल, उत्तरकाशी
29.	पश्चिम बंगाल	3	बर्दवान, चुरुलिया, दार्जिलिंग
	कुल:	84	

*****